# पर्यटन अध्ययन

## बीटीएस
## प्रथम वर्ष

## सत्रीय कार्य पुस्तिका
## (2021)

## टीएस–1 और टीएस–2

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# बीटीएस सत्रीय कार्य

## पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।

सत्रीय कार्य को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस–1 और टीएस–2 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

नोटः सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।

जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

### सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) योजना बनानाः सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2) संगठनः अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   - क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   - ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   - ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) प्रस्तुतिः जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

डॉ.अरविन्द कुमार दुबे
कार्यक्रम संयोजक, बीटीएस

सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | जनवरी 21 सत्र के लिए अंतिम तिथि | जुलाई 21 सत्र के लिए अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| टीएस–1 | अप्रैल 15, 2021 | अक्तूबर 15, 2021 |
| टीएस–2 | अक्तूबर 15, 2021 | अप्रैल 15, 2022 |

**टीएस –1 : पर्यटन में आधार पाठ्यक्रम**
**(अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)**

**पाठ्यक्रम कोड : टीएस–1** | **कार्यक्रम : बीटीएस**
**कुल अंक : 100** | **सत्रीय कार्य कोड : टीएस–1/टीएमए/2021**

---

**नोट : इस सत्रीय कार्य में दस प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर 600–600 शब्दों में लिखने हैं। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। अपने अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।**

---

प्रश्न 1 पर्यटन क्या है। इसकी व्याख्या करें। पर्यटन के कितने रूप और प्रकार होते हैं। सबका विस्तार से वर्णन करें। 20

प्रश्न 2 पर्यटन का इतिहास जानना क्यों आवश्यक है। पर्यटन उद्योग में इतिहास का क्या महत्व है। विस्तार से बतायें। 20

प्रश्न 3 पर्यटन प्रणाली की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा करें। 20

प्रश्न 4 किन्हीं पाँच अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन संस्थानों पर विस्तार से बतायें। 20

प्रश्न 5 पर्यटन से संबंधित नियम क्या हैं। इन नियमों को बनाने का उद्देश्य बतायें। संक्षेप में विभिन्न प्रकार के 'इनबाउण्ड' और 'आउटबाउण्ड' यात्रा विनियमों पर चर्चा करें। 20

प्रश्न 6 यातायात के विभिन्न माध्यमों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। 20

प्रश्न 7 आवास कितने प्रकार के होते हैं। सब के बारे में अलग अलग संक्षेप में लिखें। 20

प्रश्न 8 निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये। 5X4=20

क) वैकल्पिक पर्यटन
ख) 'सिजनलिटी' पर्यटन
ग) धारिता क्षमता (कैरीयिंग कैपिसिटी)
घ) 'ग्रैण्ड टूर'

प्रश्न 9 पर्यटन के सामाजिक, राजनीतिक और पर्यावरणीय प्रभाव पर चर्चा कीजिए। 20

प्रश्न 10 यात्रा–योजना 'टूरिज्म प्लानिंग' से आप क्या समझते हैं। इसकी आवश्यकता पर चर्चा करें। 20

**टीएस –2 : पर्यटन विकास : उत्पाद, संचालन और स्थिति अध्ययन**
**(अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)**

**पाठ्यक्रम कोड : टीएस–2** | **कार्यक्रम : बीटीएस**
**कुल अंक : 100** | **सत्रीय कार्य कोड : टीएस–2/टीएमए/2021**

---

**नोट : इस सत्रीय कार्य में दस प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर 600–600 शब्दों में लिखने हैं। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। अपने अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।**

---

प्रश्न 1 भारत में शहर के पर्यटन के लिए आमतौर पर उपलब्ध परिवहन का विस्तृत वर्णन करें। 20

प्रश्न 2 प्रिंस ऑफ वेल्स संग्रहालय, मुबंई की पर्यटन क्षमता का वर्णन करें। 20

प्रश्न 3 खुजराहों नृत्य महोत्सव की सफलता की कहानी का विश्लेषण करें। स्थानीय लोग त्योहार के प्रति नकारात्मक भावनाओं का पोषण क्यों करते हैं? 20

प्रश्न 4 यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में व्यंजनों और रिति–रिवाजों का क्या महत्व है? उपयुक्त उदाहरण दीजिए। 20

प्रश्न 5 पर्यटन पेशेवरों के लिए स्थानीय आबादी की भावनाओं के प्रति आगंतुकों को संवेदनशील बनाना क्यों आवश्यक है? 20

प्रश्न 6 कोवलम में निवास करने के दौरान पर्यटक स्थानों का वर्णन करें जो यात्रा कर सकते हैं। 20

प्रश्न 7 तीर्थ पर्यटन क्या है? भारत में तीर्थ पर्यटन के भविष्य का गंभीर रूप से विश्लेषण करें। 20

प्रश्न 8 कलिंग–बाली–यात्रा पर एक निबंध लिखें। 20

प्रश्न 9 भारत के लिए युरोपीय पर्यटक बाजार का वर्णन करें। 20

प्रश्न 10 निम्नलिखित पर छोटे नोट लिखें। 10X2=20

क) SITA
ख) विरासत होटल